न्यायालय अति0 जिला कलक्टर खैरथल–तिजारा (राजस्थान)

अपील संख्या 12 / 1 / 2025 रजि० नं0 2025 / प्रवेश तिथि 03.02.2025

अपीलार्थी :–	प्रत्यर्थी :–
विनोद कुमार ए–21, एस.एल.एफ वेद विहार (अंकुर विहार) लोनी गाजीयाबाद उत्तर प्रदेश–2011002	राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा

अपील अन्तर्गत **सूचना का** अधिकार अधिनियम, **2005**

–: निर्णय :– दिनांक 12.02.2025

1– अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा को प्रथम आवेदन पत्र दिनांक 16.01.2025 प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सूचना चाही गई, जो उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।

2– अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है, कि राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा द्वारा अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।

3– अपील प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर वाँछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा से जरिये नोटिस क्रमाक 140 दिनांक 05.02.2025 से जवाब तलब किया गया, एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी कर, यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है, तो दिनांक 12.02.2025 को उपस्थित आवें। नियत तिथी को अपीलार्थी उपस्थित हुआ।

4– राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर ने जर्ये पत्र क्रमाक 268 दिनाक 07.02.2025 के द्वारा जवाब पेश कर की गयी कार्यवाही की प्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है, जिससे स्पष्ट है, कि अपीलार्थी के प्रथम आवेदन पत्र दिनाक 16.01.2025 में वर्णित सूचनाऐ उपलब्ध करायी गयी है। उक्त क्रंम में विधिक प्रावधानो की पालना की गयी है।

5– पत्रावली का अवलोकन किया। राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित कि जा चूकि है। अपील अपीलार्थी खारिज किये जाने योग्य है।

6– अतः अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित–प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जायें। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दाखिल रिकार्ड हो।

7– आज दिनांक 12.02.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शिवपाल जाट)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
खैरथल–तिजारा (राज0)

अति० जिला कलक्टर एवं अति० जिला मजिस्ट्रेट
खैरथल–तिजारा